## चलती ट्रेन पकड़ने में फिसला पैर, युवक के हुए दो टुकड़े

▶ रेलवे स्टेशन पर रूह कंपा देने वाला हादसा, सीसीटीवी में कैद पूरी घटना



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर शुक्रवार दोपहर करीब 2:35 बजे एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12904 गोल्डन टेंपल मेल के रवाना होते समय एक व्यक्ति जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान दाऊद अयाज बेग (40) निवासी जोगी नवादा, बरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा क्षेत्र में रहता था और कैटरिंग व इवेंट मैनेजमेंट का कार्य करता था। वह दिल्ली से लौटकर मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ रहा था।

सूचना मिलते ही आरपीएफ के एसआई गवेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे। स्टेशन मास्टर और प्लेटफार्म स्टाफ भी मौजूद रहा। घटना के बाद ट्रेन को एसीपी में खड़ा किया गया और आवश्यक प्रक्रिया के बाद रवाना किया गया। ट्रेन के जाने के बाद ट्रैक पर शव दो हिस्सों में पड़ा मिला। मृतक के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि मौके पर कोई टिकट नहीं मिला। बाद में यात्रियों की सूचना पर प्लेटफार्म से उसका ट्रॉली बैग और एक अन्य बैग बरामद किया गया, जिसमें कपड़े, आधार कार्ड और करीब 4 लाख रुपये नकद मिले।

जीआरपी के हेड कांस्टेबल मनोज चौधरी और बाबूलाल लोने ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जीआरपी के अनुसार प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि हादसा मृतक की लापरवाही के कारण हुआ। मामले में मर्ग कायम कर जांच जारी है।

## शराब दुकान शुरू करने की खबर से क्षेत्रवासियों में आक्रोश

▶ क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतरकर किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहीद चौक के समीप आबकारी रोड स्थित लोहा बिल्डिंग क्षेत्र में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। दुकान खुलने की जानकारी मिलते ही स्थानीय निवासियों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया।

क्षेत्रवासियों के अनुसार विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि लोहा बिल्डिंग के पास जल्द ही शराब दुकान शुरू की जा सकती है। इस खबर के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई। उनका कहना है कि क्षेत्र में 'इंडिया गेट' जैसे



महत्वपूर्ण स्थल मौजूद हैं, जहां लगातार सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियां होती रहती हैं। निवासियों ने आशंका जताई कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल प्रभावित होगा और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ेगी। साथ ही, यह मार्ग शहर का प्रमुख और व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां पहले से ही यातायात का दबाव है, ऐसे में दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ सकती है। क्षेत्र के लोगों ने इसे अपनी सामाजिक और धार्मिक भावनाओं के विपरीत बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।

**नागरिकों ने ज्ञापन सौंपा**

विरोध के बीच क्षेत्रवासियों ने शेख इरफान उद्दीन के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतियां मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक और माणक चौक थाना प्रभारी को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

चक्का जाम की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन क्षेत्रवासी दुकान का प्रस्ताव पूरी तरह निरस्त होने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े रहे।

## तेज रफ्तार पिकअप ने मारी टक्कर, 3 घायल

**रतलाम।** दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को शाम करीब 6:30 बजे देवरा पाड़ा के पास ग्राम लालगुवाड़ी में अज्ञात सफेद पिकअप चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए राहगीरों को टक्कर मार दी।

हादसे में हकरी पति केशुराम डामर (45), नरसिंग पिता मनजी डामर (60) एवं कालु पिता केशुराम डामर (12) निवासी ग्राम बागेड़िया घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की रिपोर्ट संतोष पिता नरसिंग डामर (35) निवासी ग्राम बागेड़िया ने रात 11:15 बजे थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना सउनि. जगनसिंह बिलवाल द्वारा की जा रही है।

## सट्टे पर पुलिस का शिकंजा, अलग-अलग जगह से 5 गिरफ्तार

**रतलाम।** शहर में अवैध सट्टे के खिलाफ दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाजना बस स्टैंड चौराहा, पुराने बस स्टैंड क्षेत्र और सुभाष नगर में दबिश देकर सट्टा खेलते आरोपियों को पकड़ा। जानकारी के अनुसार ऑटो रिक्शा स्टैंड बाजना बस स्टैंड चौराहे से दिपेंद्र पिता सज्जन सिंह पडियार (40) निवासी धीरजशाह नगर एवं एक अन्य आरोपी को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया। वहीं कृष्ण मंदिर के पीछे पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से राजेंद्र पिता बाबूलाल जोशी (34) निवासी ओसवाल नगर सहित एक अन्य आरोपी को पकड़ा गया।

इसके अलावा सुभाष नगर क्षेत्र में पुरानी कलाली के पास से दिलावर पिता सलामत शाह (28) को भी सट्टा करते हुए गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां, लीड पेन सहित कुल 1150 रुपये नकद जब्त किए हैं। तीनों मामलों में थाना डीडीनगर में अलग-अलग अपराध क्रमांक 220/2026, 221/2026 एवं 222/2026 के तहत सट्टा एक्ट की धारा 4(क) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### एक नजर में

#### महिला ने कीटनाशक पीकर दी जान

**बाजना।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमरपुराखुर्द में एक महिला द्वारा कीटनाशक सेवन कर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को सूचना मिली कि रेशम बाई पति सतीष डिंडोर (35) निवासी अमरपुराखुर्द ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की। मामले में मर्ग क्रमांक 19/2026 धारा 194 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना की सूचना मृतिका के परिजन तिष पिता जीवणा डिंडोर द्वारा दी गई। मामले की विवेचना सउनि. कलसिंह मंडलोई द्वारा की जा रही है।

#### पैलेस चौराहे पर युवक से मारपीट, दो पर केस दर्ज

**सैलाना।** नगर के पैलेस चौराहे पर युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल 2026 को शाम करीब 5 बजे आरोपी कालूसिंह मचार पिता नाथु मचार (45) एवं राजू पिता कमरू मचार निवासी ग्राम ताराघाटी थाना सरवन ने फरियादी दिलीप मईड़ा (18) निवासी ग्राम सेरा के साथ विवाद किया। आरोपियों ने फरियादी को मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ लड़ाई-झगड़ा किया। घटना के बाद फरियादी ने 10 अप्रैल को रात 1:10 बजे सैलाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 118/2026 के तहत धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना प्र.आर. 795 संदीप सिंह भदौरिया द्वारा की जा रही है।

#### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**रतलाम।** सैलाना रोड पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार 8 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4:30 बजे पलसोडा फंटा और डेलनपुर के बीच आरोपी अशोक पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार (45) निवासी ग्राम शेरपुर ने अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 43जेडई6148) को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए राहुल पिता ओमप्रकाश शर्मा (31) निवासी ग्राम शेरपुर को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल शर्मा घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की रिपोर्ट 10 अप्रैल 2026 को दोपहर 1 बजे थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 346/2026 के तहत धारा 281, 125(ए) बीएनएस एवं 279, 337 भादवि में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना प्र.आर. 667 राजेन्द्रसिंह राठौर द्वारा की जा रही है।

#### आम आदमी पार्टी चलाएगी सदस्यता अभियान

**रतलाम।** आम आदमी पार्टी जिले में सक्रिय होकर निरंतर क्षेत्र की जनता से विभिन्न चरणों में जनसंपर्क स्थापित कर रही है, पहले चरण में सैलाना विधानसभा को चयनित किया गया है। रतलाम जिला अध्यक्ष संयम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की सैलाना विधानसभा में 12 अप्रैल को डोर टू डोर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा एवं आगामी चुनावों में जनसमर्थन हेतु संपर्क किया जाएगा।

#### महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वीं जयंती मनाई

**रतलाम।** रतलाम पिछड़ा वर्ग विभाग शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 200 वीं जन्म जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। शहर अध्यक्ष (ओबीसी) राजेश प्रजापत ने बताया कि बाजना बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आज 11 अप्रैल को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुलेजी की 200 वीं जन्म जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महात्माजी के चित्र पर माल्र्यापण कर दीप प्रज्वलित कर ज्योति बा फुले अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजेश प्रजापत ने कहा कि समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने संघर्षशील जीवन में अपनी पत्नि को शिक्षा ग्रहण करवाकर उन्हें पहली अध्यापिका बनाया उसके बाद इन्होंने प्रथम बालिका विद्यालय की स्थापना की। ज्योतिबा जी ने महिलाओं, पिछड़े एवं दलित वर्ग के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। पिछड़ा एवं दलित वर्ग के उत्थान में लिए सामाजिक कार्य किए। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य रामचन्द्र धाकड़, ब्लाक अध्यक्ष शांतु गवली, पूर्व पार्षद किशन भामीगामा, ब्लॉक अध्यक्ष (ओबीसी) अनीस कुरैशी, युवा नेता गौरव ठाकुर आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अमृत राठौड़, निरंजन सोनी, नारायण कुमावत, रखब, सचिन सालवी, निरंजन चौहान, कैलाश जी, नमन कुमावत, भगवती लाल कुमावत, शैतान कसेरा, गोपाल कसेरा, जगदीश कुमावत आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

## बेटे के साथ मारपीट कर दी जान की धमकी

**बाजना।** थाना क्षेत्र के ग्राम तलाईखेड़ा में आपसी विवाद के चलते मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी लक्ष्मण पिता नागु मईड़ा निवासी तलाईखेड़ा ने फरियादी नागु पिता धीरजी मईड़ा (65) के साथ उसके बेटे के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोपी ने मां-बहन की गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की रिपोर्ट शाम 4:27 बजे थाना बाजना में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण क्रमांक 159/2026 के तहत धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना प्र.आर. नीरज त्यागी द्वारा की जा रही है।

## पति-पत्नी विवाद में मारपीट

**नामली।** थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलिया में पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार फरियादिया नेहा पति धर्मेन्द्र माली (21) निवासी सेमलिया ने शिकायत दर्ज कराई कि 9 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9 बजे उसके पति धर्मेन्द्र पिता मोहनलाल माली निवासी नामली से मोबाइल को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए पत्नी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद 10 अप्रैल को दोपहर 1:45 बजे नामली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## नित्यानंद आश्रम में लगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

▶ 311 मरीजों का किया परीक्षण और उपचार

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** श्री केशव भगवान महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत नित्यानंद आश्रम में चल रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में शनिवार को श्री अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने कुल 311 मरीजों के विभिन्न रोगों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं।

शिविर का भव्य शुभारंभ परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बापजी, श्री आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंदजी



महाराज, श्री निर्मल पीठाधीश्वर श्री महंत ज्ञानदेव जी महाराज एवं ब्रह्मचारी महेश चन्द्र जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। शिविर में 21 डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति, रतलाम द्वारा संचालित इस नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रकोष्ठ के सफल आयोजन पर गुरुदेव परम पूज्य श्री श्री 1008 अवधूत नर्मदानन्द बाप जी ने प्रसन्नता व्यक्त की। शिविर के समापन पर पूज्य गुरुदेव ने सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, जान की धमकी

**नामली।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचेड़ में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को रात करीब 8:45 बजे योगेश गैरेज की दुकान के सामने आरोपी रामचन्द्र पिता शिवाजी जाट निवासी पंचेड़ ने फरियादी भंवरलाल पिता चैनराम जाट (46) के साथ विवाद किया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने फरियादी को मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और उसके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद फरियादी ने रात 10:10 बजे नामली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना कार्यवाहक प्र.आर. मनीष यादव ने बताया कि शिकायत पर प्रकरणदर्ज कर जांच प्रारंभ की हैं।

## शूटिंग बॉल स्पर्धा की ट्रॉफी का विमोचन, देशभर की टीमें लेंगी हिस्सा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** आगामी 20-21 अप्रैल को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय आमंत्रण शूटिंग बॉल स्पर्धा 2026 की ट्रॉफी का विमोचन रविवार को दो बत्ती स्थित एक होटल में समारोहपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में शहर के खेलप्रेमी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रतियोगिता स्व. आर.आर. व्यास, स्व. रामचंद्र भाटी, स्व. शांतिलाल जैन 'डैडी', स्व. नवीन सोलंकी, स्व. सुरेश सिंह भदोरिया एवं स्व. बसंतीलाल क्षत्रीय की स्मृति में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर भगतसिंह भदोरिया, यू.एल. भाटी, महेश सोलंकी, श्रेणिक जैन पोहावाला, योगेश त्रिवेदी, प्रकाश व्यास एवं मनोहर



पचौरी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

यू.एल. भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 15,555 रुपये, तृतीय पुरस्कार 9,999 रुपये तथा अन्य विशेष पुरस्कार 7,777 रुपये के साथ ट्रॉफी प्रदान किए जाएंगे। सभी पुरस्कार विभिन्न दिवंगत खेलप्रेमियों की स्मृति में दिए जाएंगे।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर की टीमें भाग लेंगी, जिनमें दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, महाराष्ट्र, इंदौर, भोपाल, चित्तौड़, उज्जैन, मंदसौर, कोटा, दाहोद सहित रतलाम जिले के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। प्रमुख खिलाड़ियों में अरुण (दिल्ली), अरमान (हरियाणा), इश्तियाक (मुंबई), काले (महाराष्ट्र), वकार (महाराष्ट्र) और कमलेश (कोटा) शामिल रहेंगे।

महेश सोलंकी के अनुसार प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 अप्रैल को दोपहर 3 बजे रेलवे वॉलीबॉल खेल मैदान पर होगा, जबकि समापन 21 अप्रैल को देर रात्रि में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा, वहीं विजेता एवं उपविजेता टीमों को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान शाहनवाज़ उद्दीन कुरैशी, सालार हुसैन, लोकेंद्रसिंह डोडिया, विनोद पिरोदिया, ए.बी. राजीव, सुरेश वर्मा, सुधीरकांत दुबे, यू.एल. जायसवाल, रामविलास शर्मा, इलियास मिनर्वा टेलर, सुभाष व्यास, सुरेश चंद्र व्यास, शंकरलाल मालवीय, शेरू खान पठान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शादी से मना करने पर युवती की तस्वीरें वायरल की, शिकायत पर प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** शहर की पीएंडटी कॉलोनी में रहने वाली एक युवती को शादी का प्रस्ताव ठुकराना महंगा पड़ गया। आरोपी ने न केवल युवती के साथ गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी, बल्कि उसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं।

पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। औद्योगिक थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत करते हुए बताया कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से पुष्पेन्द्र पिता शांतिलाल धमान निवासी ग्राम रुपेटा, जिला उज्जैन से हुई थी। दिसंबर 2025 से दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई। घटनाक्रम के अनुसार, 15 फरवरी 2026 को पुष्पेन्द्र ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। जब युवती ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया, तो आरोपी ने अपना आपा खो दिया। उसने पीड़िता को फोन पर भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पुष्पेन्द्र ने पीड़िता को डराते हुए कहा कि वह उसकी फोटो वायरल कर देगा। धमकी देने के कुछ समय बाद ही उसने युवती की तस्वीरें सार्वजनिक कर दीं। परेशान होकर पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में युवती की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 12 और 13 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## सैलाना में स्वच्छता पर सख्ती : अधिकारियों ने किया व्यवस्था का औचक निरीक्षण



**सैलाना।** नगर में स्वच्छता व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। नगरीय प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त हिमांशु भट्ट एवं जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी ने शहर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालयों और ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया गया। कई स्थानों पर पाई गई कमियों को लेकर अधिकारियों ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने नगर परिषद के सीएमओ मनोज कुमार शर्मा को व्यवस्था सुधारने, नियमित मॉनिटरिंग करने और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला ने परिषद परिसर में नगर की ऐतिहासिक धरोहरों के तैयार किए गए डेमो को दिखाए, जिनकी अधिकारियों ने सराहना की और इसे शहर की पहचान से जोड़ने का प्रयास बताया। निरीक्षण में स्वच्छता शाखा प्रभारी धन्नालाल परमार, दरोगा दीपक गोयर, महेश तंवर, हरिओम सिसोदिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से साफ संकेत मिल रहे हैं कि सैलाना में स्वच्छता को लेकर अब सख्ती बढ़ेगी और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी।

## आज 'रेल रन' का आयोजन

**रतलाम।** स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, रतलाम द्वारा रविवारको प्रात: 6.30 बजे 'रेल रन (3 कि.मी.)' का आयोजन होगा। यह आयोजन सेवारत एवं सेवा निवृत रेल कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के लिए आयोजित किया जा रहा है। रन का प्रारंभ रतलाम रेलवे सुरक्षा बल ग्राउंड से होगा एवं समापन भी इसी स्थल पर किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं, जिनमें 1-10 वर्ष, 11-20 वर्ष, 21-30 वर्ष से लेकर 60-70 वर्ष तक के वर्ग शामिल हैं। प्रत्येक आयु वर्ग में विजेताओं को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, रन पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपने-अपने विभाग में उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से पूर्व पंजीकरण करा सकते हैं।

## आमलेटा में स्काउट-गाइड शिविर : महिला नेतृत्व में शिक्षकों को मिल रही प्रशिक्षण की नई दिशा

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारत स्काउट-गाइड के तत्वावधान में जिले के ग्राम आमलेटा में बेसिक गाइड एवं फ्लैग लीडर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 7 से 13 अप्रैल तक चलने वाले इस शिविर की खास बात यह है कि इसका संचालन पूरी तरह महिला गाइड्स द्वारा किया जा रहा है।



शिविर का संचालन मौसमी अरोड़ा के नेतृत्व में किया जा रहा है, जबकि प्रीति गोठवाल, श्रीमती ललिता कदम, भावना पुरोहित एवं ललिता कुशवाह सहयोगी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। शिविर में 37 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो अपने-अपने विद्यालयों में जाकर गाइड गतिविधियों का संचालन करेंगे। क्वार्टर मास्टर श्रीमती ललिता कदम ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को स्काउट-गाइड की मूलभूत गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि वे विद्यार्थियों में अनुशासन, विनम्रता, सहयोग और सेवा भावना विकसित कर सकें। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक अपने विद्यालयों में गाइड एवं बुलबुल दल का गठन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बुलबुल कमिश्नर सुलोचना शर्मा, जिला रोवर आयुक्त गोपाल जोशी, जिला सचिव जगदीश डोडियार एवं डीओसी रमेश बारिया ने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे समाज और शिक्षा के लिए उपयोगी पहल बताया।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा, आमलेटा हाई स्कूल के प्राचार्य सुनील कदम एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त गाइड शेखर चावरे ने भी शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।